बिहार सरकार

लघु जल संसाधन विभाग

आ0सं0-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 90 /पटना, दिनांक-02/03/26

-:: आदेश ::-

विभागीय अधिसूचना सं0-9349 दिनांक-26.12.2025 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन सं0-02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित एवं लघु जल संसाधन विभाग को आवंटित अभ्यर्थी श्री देवेन्द्र कुमार की नियुक्ति सहायक अभियन्ता(असैनिक) के पद पर औपबंधिक रूप से की गयी । उक्त अधिसूचना की कंडिका-6 में निम्नांकित निदेश अंकित है-

"नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को नियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से 01(एक) माह के अन्दर लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना में योगदान करना अनिवार्य होगा" । उक्त समय-सीमा दिनांक-26.01.2026 को समाप्त हो चुकी है, परन्तु श्री कुमार द्वारा निर्धारित समय-सीमा में योगदान समर्पित नहीं किया गया ।

2. श्री कुमार, नवनियुक्त सहायक अभियन्ता द्वारा ई-मेल के माध्यम से सूचित किया गया कि वे वर्तमान में Garrision Engineer(I) Dockyard Maintenance, Naval Dockyard, Visakhapatnam में कनीय अभियन्ता(असैनिक) के पद पर कार्यरत हैं । भारतीय नौसेना के आगामी International Fleet Review(IFR) और MILAN का आयोजन होने के कारण श्री कुमार एवं उनके वर्तमान नियोक्ता द्वारा योगदान करने निमित्त अवधि विस्तार करने हेतु अनुरोध किया गया । उक्त के आलोक में विभागीय आदेश सं0-60 सहपठित ज्ञापांक-788 दिनांक-05.02.2026 द्वारा योगदान करने हेतु आदेश निर्गत की तिथि से 15 दिनों की अवधि विस्तारित की गयी । उक्त विस्तारित अवधि की समय-सीमा दिनांक-20.02.2026 को समाप्त हो चुकी है ।

3. पुनः Major, GE(I) DM, Naval Dockyard, Ministry of Defence, Visakhapatnam द्वारा अर्द्ध सरकारी पत्र सं0-02 दिनांक-07.02.2026 के माध्यम से आगामी International Fleet Review(IFR) और MILAN के आयोजन/प्रबंधन में श्री कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रहने के कारण इनका लघु जल संसाधन विभाग में योगदान करने निमित्त माह-अप्रैल,2026 के प्रथम सप्ताह तक अवधि विस्तार करने हेतु अनुरोध किया गया है ।

4. अतएव उक्त के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त श्री देवेन्द्र कुमार, नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को अंतिम मौका प्रदान करते हुए विभाग में योगदान करने हेतु माह-अप्रैल,2026 के प्रथम सप्ताह तक अवधि विस्तारित किया जाता है ।

5. श्री देवेन्द्र कुमार, नवनियुक्त सहायक अभियन्ता(असैनिक) को निदेशित किया जाता है कि वे विभाग में विस्तारित अवधि में निश्चित रूप से योगदान करना सुनिश्चित करेंगे । विस्तारित अवधि में योगदान नहीं करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति को रद्द् करने की कार्रवाई की जायेगी ।

2/3/26

(संगीता सिंह)

सरकार के अपर सचिव

लघु जल संसाधन विभाग ।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 1548 /पटना, दिनांक- 02/03/26

प्रतिलिपि-महालेखाकार(ले0 एवं हक0), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2/3/26

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 1548 /पटना, दिनांक- 02/03/26

ई-मेल

प्रतिलिपि-Sri Pankaj Kumar Gupta, Major, Garrision Engineer(I)Dockyard Maintenance, Naval Dockyard, Visakhapatnam, Pin Code-530014(Andhra Pradesh), Mob. No.-7388163614(e-mail ID-idmvisptm4-mes@nic.in)/श्री देवेन्द्र कुमार(devendrak696@gmail.com), नवनियुक्त सहायक अभियन्ता को ई-मेल के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2/3/26

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 1548 /पटना, दिनांक- 02/03/26

प्रतिलिपि-माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2/3/26

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-01/2022(नियुक्ति) 1548 /पटना, दिनांक- 02/03/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित ।

2/3/26

सरकार के अपर सचिव ।